## दिल्ली प्रोफेसर मर्डर केस में बड़ा खुलासा- 1400किमी दूर से आए दंपती, कत्ल किया और फिर चले गए; इसलिए मार डाला

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली के न्यू अशोक नगर इलाके में हुई दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) की असिस्टेंट प्रोफेसर देबोस्मिता पॉल की हत्या के मामले में पुलिस ने एक बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने पश्चिम बंगाल से दंपती को गिरफ्तार किया है, प्रॉपर्टी विवाद के चलते दोनों हत्या को अंजाम दिया था। यह चौंकाने वाला मामला 1400 किलोमीटर दूर पश्चिम बंगाल में स्थित संपत्ति पर कब्जे की मंशा से जुड़ा है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि मृतक प्रोफेसर देबोस्मिता पॉल और गिरफ्तार किए गए किराएदार दंपती के बीच पश्चिम बंगाल स्थित एक संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। प्रोफेसर अपने नाना की उस संपत्ति को खाली करवाना चाहती थीं, लेकिन आरोपी उस पर कब्जा जमाए रखना चाहते थे। इसी विवाद ने धीरे-धीरे इतना गंभीर रूप ले लिया कि आरोपियों ने प्रोफेसर को रास्ते से हटाने की योजना बना डाली। पुलिस के अनुसार, यह हत्या पूरी सोची-समझी साजिश का हिस्सा थी, जिसके लिए आरोपी पश्चिम बंगाल से दिल्ली पहुंचे थे।

प्रोफेसर देबोस्मिता पॉल की हत्या के बाद दिल्ली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कई टीमों का गठन किया था। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी और उन्होंने तकनीकी साक्ष्यों के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज की भी गहनता से जांच की। जांच के दौरान मिले महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही। दिल्ली पुलिस की एक विशेष टीम ने पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले में छापेमारी कर दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तारी से बचने और लोगों का शक दूर करने के लिए आरोपी अपने साथ एक बच्चे को भी लेकर आए थे। पुलिस का मानना है कि यह उनकी पहचान छिपाने और जांच को भटकाने की एक सोची-समझी रणनीति थी। हत्याकांड को सुलझाने के लिए ईस्ट जिला पुलिस की सात टीमें लगातार काम कर रही थीं। दिल्ली, यूपी, हरियाणा और पश्चिम बंगाल समेत चार रा'यों में इस मामले को लेकर छापेमारी की गई। फिलहाल, दोनों गिरफ्तार आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दिल्ली लाया जा रहा है। दिल्ली पहुंचने पर उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा, जहां पुलिस उनकी रिमांड की मांग कर सकती है। रिमांड के दौरान हत्या से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तार से पूछताछ की जाएगी, जिसमें साजिश रचने वालों की पहचान और हत्या की योजना के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया जाएगा।

### जो कोर्ट-कचहरी का खर्च नहीं उठा सकते, उन्हें भी मिले न्याय

## सीजेआई सूर्यकांत ने लंदन के मंच से कह दी बड़ी बात, बोले- न्याय केवल अमीरों का हक नहीं



नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा है कि न्याय व्यवस्था का उद्देश्य केवल उन लोगों के अधिकारों की रक्षा करना नहीं है जो मुकदमेबाजी का खर्च उठा सकते हैं, बल्कि हर नागरिक को न्याय सुलभ कराना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि न्यायपालिका को ऐसा संस्थान होना चाहिए, जिसका संरक्षण समाज के अंतिम व्यक्ति तक महसूस हो। लंदन स्थित क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान छात्रों से संवाद करते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने न्यायपालिका में जनता के विश्वास, न्याय तक पहुंच और कानूनी व्यवस्था के भविष्य जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतंत्र में जनता का भरोसा अपने आप नहीं मिलता, बल्कि पारदर्शिता, निरंतरता और आत्म-सुधार के माध्यम से अर्जित करना पड़ता है। न्यायपालिका संविधान की अंतिम संरक्षक है, लेकिन उसे संविधान और नागरिकों दोनों के प्रति जवाबदेह रहना चाहिए। सीजेआई ने एक समान राष्ट्रीय न्यायिक नीति की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि अदालतों के फैसलों में एकरूपता आने से लोगों का न्याय व्यवस्था पर विश्वास मजबूत होता है और कानून के शासन को मजबूती मिलती है। प्रौद्योगिकी की भूमिका पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि तकनीक ने न्याय तक पहुंच को आसान बनाया है। हालांकि न्यायपालिका की जिम्मेदारी है कि नवाचार को अपनाते समय निष्पक्षता, सुलभता और समान न्याय के संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि एक न्यायाधीश के लिए सबसे संतोषजनक क्षण वह होता है जब किसी व्यक्ति को यह महसूस हो कि उसकी बात सुनी गई और उसे न्याय मिला।

## इंडिया गठबंधन में बैठक से पहले बढ़ा तनाव, सीपीआईएम ने कांग्रेस से मांगा जवाब; डीएमके ने किया बहिष्कार

नई दिल्ली। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की 8 जून को होने वाली बैठक से पहले सहयोगी दलों के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। एक ओर सीपीआईएम ने केरल विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों पर कड़ी आपत्ति जताई है, वहीं डीएमके ने बैठक का बहिष्कार करने का फैसला किया है। इस बीच भाजपा नेताओं ने विपक्षी गठबंधन की एकता पर सवाल उठाए हैं। सीपीआईएम महासचिव एम ए बेबी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होगी और रा'यसभा सांसद जॉन ब्रिटास बैठक में पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। हालांकि उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि केरल चुनाव के दौरान कांग्रेस नेताओं ने लगातार यह प्रचार किया कि सीपीआईएम और भाजपा के बीच कोई समझौता है। बेबी ने अपने पत्र में कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और खरगे ने चुनाव प्रचार के दौरान बार-बार आरोप लगाया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच समझौता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आरोप विपक्षी एकता की भावना को कमजोर करते हैं और कांग्रेस को इस पर सफाई देनी चाहिए। बेबी ने यह भी कहा कि इंडिया गठबंधन भाजपा के खिलाफ लड़ने के उद्देश्य से बनाया गया था और सीपीआईएम शुरू से इस मंच को मजबूत करने के लिए काम करती रही है। उन्होंने याद दिलाया कि पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने त्रस्त और भाजपा के खिलाफ संघर्ष में अपनी जान गंवाई है, इसलिए सीपीआईएम पर भाजपा से समझौते का आरोप लगाना पूरी तरह निराधार है। दूसरी ओर, तमिलनाडु की प्रमुख पार्टी डीएमके ने भी बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। पार्टी कांग्रेस से नाराज है क्योंकि तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने टीवीके को समर्थन दिया। डीएमके ने इसे विश्वासघात बताते हुए कहा कि उसके कार्यकर्ता अभी भी इस फैसले से आहत हैं। इस बीच पश्चिम बंगाल में भी राजनीतिक हलचल तेज है। तृणमूल कांग्रेस के भीतर कथित असंतोष और बगावत की खबरों के बीच सांसद अभिषेक बनर्जी के इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने की चर्चा है। भाजपा नेता दिलीप घोष ने तंज कसते हुए कहा कि जब उनकी अपनी पार्टी उनके साथ नहीं है तो दूसरे कौन साथ देगा। भाजपा नेताओं ने विपक्षी गठबंधन की स्थिति को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन आने वाले दिनों में धीरे-धीरे बिखर जाएगा। उन्होंने कहा, इंडिया ब्लॉक की बैठक में क्या होगा? डीएमके का बयान दिखाता है कि कांग्रेस ने 40 साल पुराने गठबंधन के साथ विश्वासघात किया है। आप देखेंगे कि इंडिया ब्लॉक धीरे-धीरे टूट जाएगा। जबकि, तेलंगाना भाजपा प्रवक्ता प्रकाश रेड्डी ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन बिखर रहा है और निकट भविष्य में विपक्षी दलों का एकजुट होना मुश्किल दिखता है। वहीं बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि विपक्षी दलों के बीच तालमेल की कमी और अंदरूनी संघर्ष साफ दिखाई दे रहा है। हालांकि कांग्रेस ने इन आरोपों को खारिज किया है।कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने भाजपा को जवाब देते हुए कहा कि उसे विपक्ष पर टिप्पणी करने से पहले अपने भीतर झांकना चाहिए। उन्होंने कहा कि बैठक में कौन शामिल होगा और कौन नहीं, इस पर अटकलें लगाने के बजाय बैठक के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। इंडिया गठबंधन की यह बैठक हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के बाद विपक्षी रणनीति तय करने के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। लेकिन बैठक से पहले सामने आए मतभेदों ने विपक्षी एकता को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

## दिल्ली में आईफोन झपटकर भाग रहे दो बदमाशों को ट्रैफिक पुलिस ने दबोचा, दो मोबाइल फोन बरामद

नई दिल्ली। न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में आईफोन झपटकर भाग रहे दो झपटमारों को न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी सर्किल में तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने करीब 200 मीटर तक पीछा करने के बाद दबोच लिया। पुलिसकर्मियों ने अपनी सतर्कता, साहस और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए दोनों आदतन झपटमारों को दबोच लिया। ट्रैफिक पुलिस की मुस्तैदी से न केवल झपटमार भागने में असफल रहे, बल्कि स्थानीय पुलिस को अपराध सुलझाने में भी कामयाबी मिली। एडिशनल पुलिस कमिश्नर दिनेश कुमार गुप्ता के मुताबिक घटना बीते छह जून की है। सुबह करीब 11 बजे न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी ट्रैफिक सर्किल के एएसआई लताफत अली, हवलदार सूरज मल और सिपाही अमनीश कुमार मथुरा रोड स्थित सीआरआरआइ लालबत्ती पर ट्रैफिक संचालन कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर दो युवक आ रहे हैं, जिनकी हरकतें संदिग्ध लग रही थीं। उसी वक्त, बाइक से पुलिसकर्मियों द्वारा उनका पीछा करते दिखाई दिया। कुछ गड़बड़ होने का अंदेशा होने पर उन्होंने भी तुरंत झपटमारों का पीछा करना शुरू कर दिया। करीब 200 मीटर तक पीछा करने पर खुद को घिरा देखकर दोनों बदमाश अपनी बाइक सड़क किनारे छोड़कर पैदल भागने लगे लेकिन ट्रैफिक कर्मियों ने दोनों को धर दबोचा। इसी बीच पीछा कर रही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पकड़े गए बदमाशों की तलाशी लेने पर उनके पास से झपटे गए दो मोबाइल फोन बरामद हुए। बरामद किए गए फोन में से एक आईफोन 15 था। जांच में पता चला कि यह फोन कुछ ही देर पहले न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में सुजान मोहिंद्रा अस्पताल के पास, माता का मंदिर टी-प्वाइंट से छीना गया था। पीड़ित मुकुल शर्मा (सॉफ्टवेयर इंजीनियर) उस वक्त वाल्ट जिम से लौट रहे थे, तभी बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। पकड़े गए बदमाशों में मुनीर हुसैन है वह कश्मीरी गेट का रहने वाला है कश्मीरी गेट थाने का घोषित बदमाश है। इसके खिलाफ 10 आपराधिक मामलों दर्ज हैं। दूसरे का नाम अजहर अली है वह सीताराम बाजार का रहने वाला है।

## राहुल ने की तारीफ : कहा- सार्थक और निसर्ग ने दिखाई हिम्मत; सीबीएसई और कोएम्प्ट के गठजोड़ का किया भंडाफोड़

नई दिल्ली। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा को लेकर एक बहुत बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मामले में 18 साल के छात्र सार्थक सिद्धांत और उनके दोस्त निसर्ग की जमकर तारीफ की है। इन दोनों छात्रों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और परीक्षा का काम देखने वाली कंपनी कोएम्प्ट (सीओईएमपीटी) के बीच चल रहे कथित खेल को सबके सामने ला दिया है। राहुल गांधी ने इसे देश के युवाओं की बड़ी जीत और सरकार की करारी हार बताया है। सार्थक ने सीबीएसई कक्षा 12 की कॉपियां जांचने वाले डिजिटल सिस्टम (ऑन-स्क्रीन मार्किंग) में हो रही बड़ी गड़बड़ियों को पकड़ा था। उन्होंने उन कमियों को उजागर किया, जिन्हें देश के बड़े-बड़े टीवी चैनल, अखबार और खोजी पत्रकार भी नहीं देख पाए थे। इस खुलासे के बाद कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर भी निशाना साधा है। कांग्रेस का कहना है कि इतनी बड़ी गड़बड़ी के बाद भी शिक्षा मंत्री का पद पर बने रहना सिर्फ कुर्सी का मोह दिखाता है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि सार्थक की उम्र भले ही सिर्फ 18 साल है, लेकिन उनकी सोच, उनका हौसला और उनके नियम किसी भी बड़े समझदार इंसान से कम नहीं हैं।

## ई-रिक्शा चलाने वालों को अब 10 दिन की ट्रेनिंग के बाद मिलेगा लाइसेंस



नई दिल्ली। ई-रिक्शा के ड्राइविंग लाइसेंस प्रशिक्षण के लिए कार्य में देरी हो सकती है। दिल्ली सरकार ने आवेदकों से ड्राइविंग स्कूल या इस क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं से ई-रिक्शा के लाइसेंस से पहले 10 दिन का प्रशिक्षण लेने के लिए कहा है। अभी तक ये स्कूल ई-रिक्शा के लिए प्रशिक्षण नहीं दे रहे हैं। दरअसल सरकार के आदेश के चलते भी ई-रिक्शा के लिए 10 दिन के प्रशिक्षण देने में अड़चन आ रही है। सरकार ने कुछ समय पहले आदेश जारी कर यह व्यवस्था की है कि ई-रिक्शा कंपनियों या संस्थाओं के नाम पर पंजीकृत नहीं होगा। ऐसे में कंपनियों और स्कूलों को रिक्शा नहीं मिल पा रहा है। दिल्ली भर में करीब 30 ड्राइविंग स्कूल ऐसे हैं जो ड्राइविंग के लिए प्रशिक्षण देते हैं, इनमें चार बड़ी कंपनियों के स्कूल भी हैं। अभी तक इन कंपनियों के पास ई-रिक्शा को चलाने के लिए प्रशिक्षण देने का ना तो अधिकार था ना ही ये लोग इस तरह का कोई काम करते थे। मगर अब सरकार ने ही इन ड्राइविंग स्कूलों को प्रशिक्षण देने का अधिकार दिया है, इसके लिए परिवहन विभाग में आवेदन करना पड़ेगा। जिसमें ई-रिक्शा को लेकर प्रशिक्षण देने के लिए विभाग द्वारा मंजूरी दी जाएगी।

**केवल व्यक्तिगत नाम पर ही रजिस्ट्रेशन मान्य**

मगर अधिकतर ड्राइविंग स्कूल इस प्रशिक्षण को देने के लिए देने की तैयार नहीं हैं। कारण उनके पास ई-रिक्शा का ना होना है। प्रशिक्षण देने के लिए ड्राइविंग स्कूल में ई-रिक्शा चाहिए और इन लोगों का कहना है कि ई-रिक्शा अब केवल व्यक्तिगत नाम पर ही पंजीकृत कराया जा सकता है। किसी स्कूल, कंपनी, संस्था के नाम पर ई-रिक्शा का पंजीकरण प्रतिबंधित कर दिया गया है। ऐसे में यह सवाल है कि यह बगैर ई-रिक्शा के इसे चलाने का प्रशिक्षण कैसे देंगे। हालांकि यह छोटी सी बात है मगर ड्राइविंग स्कूल वाले इसे मुद्दा बना रहे हैं। बहरहाल यह मामला सरकार तक पहुंच चुका है और कुछ ड्राइविंग स्कूल वालों ने इस बारे में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखा है। सरकार इस मामले में कोई समाधान निकालती है तो इस समस्या का हल जल्द हो सकता है अन्यथा इस कार्य में देरी लगने की संभावना है।

## महंगे सिलिंडर पर विपक्ष ने उठाए सवाल, सरकार बोली- दुनिया में सबसे कम

नई दिल्ली ।देश में घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमत एक बार फिर बढ़ने के बाद सियासत तेज हो गई है। केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलिंडर की कीमत में 29 रुपये की बढ़ोतरी की है, जिसके बाद दिल्ली में 14.2 किलो वाला घरेलू सिलिंडर 942 रुपये का हो गया है। इस बढ़ोतरी के बाद कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने सरकार पर जनता पर महंगाई का बोझ डालने का आरोप लगाया है। वहीं केंद्र सरकार का कहना है कि भारत में आज भी गैस सिलिंडर दुनिया के कई देशों के मुकाबले काफी सस्ता मिल रहा है और सरकार आम लोगों को बड़ी राहत दे रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में संकट की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलपीजी की कीमत तेजी से बढ़ी है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय कीमतों का असर सीधे घरेलू बाजार पर पड़ता है। सरकार ने बताया कि फरवरी 2026 में सऊदी कॉन्ट्रैक्ट प्राइस करीब 54× डॉलर प्रति टन थी, लेकिन पश्चिम एशिया संकट और होर्मुज मार्ग पर असर पड़ने के बाद यह बढ़कर जून में करीब 790 डॉलर प्रति टन पहुंच गई। यानी चार महीनों में करीब 46 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसी वजह से गैस कंपनियों की लागत बढ़ी और सिलिंडर महंगा करना पड़ा। भारत में घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमत बढ़ने के बाद सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि क्या वाकई भारत में गैस दूसरे देशों के मुकाबले सस्ती है। सरकार ने अलग-अलग देशों के आंकड़े जारी कर दावा किया है कि भारतीय उपभोक्ता अभी भी दुनिया के कई देशों से कम कीमत पर रसोई गैस खरीद रहे हैं।

भारत में सामान्य उपभोक्ता को 14.2 किलो का घरेलू सिलिंडर 942 रुपये में मिल रहा है। वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 300 रुपये की सब्सिडी मिलने के बाद यही सिलिंडर प्रभावी रूप से 642 रुपये का पड़ता है। सरकार का कहना है कि यह दुनिया में सबसे कम कीमतों में से एक है। पड़ोसी देशों की बात करें तो पाकिस्तान में इसी वजन का सिलिंडर करीब 1046 रुपये का है। नेपाल में इसकी कीमत 1207 रुपये तक पहुंच गई है। बांग्लादेश में घरेलू गैस सिलिंडर करीब 1225 रुपये में मिल रहा है, जबकि श्रीलंका में इसकी कीमत लगभग 1241 रुपये बताई गई है। यानी भारत की तुलना में इन देशों में रसोई गैस 'यादा महंगी है। विकसित देशों में कीमतें और ज्यादा हैं। अमेरिका में 14.2 किलो के बराबर घरेलू गैस सिलिंडर की कीमत करीब 1755 रुपये बताई गई है। ऑस्ट्रेलिया में यह करीब 1765 रुपये तक पहुंचती है। सबसे ज्यादा कीमत कनाडा में देखने को मिलती है, जहां इसी मात्रा की गैस करीब 2411 रुपये में मिलती है। सरकार का दावा है कि अगर भारत में भी गैस की कीमत पूरी तरह अंतरराष्ट्रीय बाजार के हिसाब से तय की जाए तो एक घरेलू सिलिंडर 1600 रुपये से 'यादा का हो सकता है। लेकिन केंद्र सरकार और सरकारी तेल कंपनियां अभी भी बड़ा हिस्सा खुद वहन कर रही हैं ताकि आम लोगों पर पूरा बोझ न पड़े।

